हरिभूमि

## 50 मी. राइफल प्रोन में जीता कांस्य पदक

# सटीक निशाना, अटूट धैर्य के बल पर कुशाग्र ने जीता अंतरराष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




टोक्यो में आयोजित 25वीं समर डेफलंपिक में भारत तथा मध्यप्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के प्रतिभावान शूटर कुशाग्र सिंह राजावत ने 50 मीटर राइफल प्रोन (पुरुष वर्ग) स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता।

कुशाग्र सिंह राजावत ने प्रतियोगिता के दौरान अपनी उत्कृष्ट तकनीक, धैर्य और सटीकता का अद्वितीय प्रदर्शन किया। कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी माहौल में भी उन्होंने संतुलित खेल दिखाते हुए पदक तालिका में स्थान बनाया और देश को गौरवान्वित किया। उनके इस प्रदर्शन ने युवाओं के लिए प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। कुशाग्र सिंह राजावत की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में अकादमी के कोचों, तकनीकी विशेषज्ञों तथा सपोर्ट स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### खेल मंत्री सारंग ने दी शुभकामनाएं

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कुशाग्र सिंह राजावत को इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि कुशाग्र ने अनुशासन, एकाग्रता और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के बल पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर मध्यप्रदेश का परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह सिद्ध करती है कि उचित मार्गदर्शन एवं सतत अभ्यास से खिलाड़ी विश्व पटल पर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर सकते हैं। मंत्री सारंग ने आशा व्यक्त की कि कुशाग्र भविष्य में भी देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाते रहेंगे।



राज एक्सप्रेस
गुरुवार, 20 नवम्बर, 2025

# समर डेफलंपिक : 50 मीटर राइफल प्रोन में कुशाग्र ने जीता कांस्य

● भोपाल / खेल संवाददाता



टोक्यो में आयोजित 25वीं समर डेफलंपिक में मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के शूटर कुशाग्र सिंह राजावत ने 50 मीटर राइफल प्रोन (पुरुष) में कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया। एमपी शूटिंग अकादमी में उपलब्ध विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, वैज्ञानिक पद्धति और सतत मूल्यांकन ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोचों और तकनीकी टीम के सहयोग से कुशाग्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके।

### खेलमंत्री विश्वास सारंग ने दी बधाई

खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कुशाग्र को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अनुशासन और उच्चस्तरीय प्रशिक्षण के बूते मध्यप्रदेश का परचम अंतरराष्ट्रीय मंच पर फहराया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कुशाग्र आगे भी देश-प्रदेश का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

दैनिक जागरण भोपाल, 20 नवंबर 2025

# मप्र के निशानेबाज कुशाग्र ने टोक्यो में जीता कांस्य

भोपाल, खेप्र। मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के खिलाड़ी कुशाग्र सिंह राजावत ने 25वें समर डेफ ओलंपिक में कांस्य पदक अर्जित किया। टोक्यो में आयोजित प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए यह पदक उन्होंने 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में हासिल किया। कुशाग्र ने 224.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। यूक्रेन के दिमित्रो पेट्रेंको ने 251.0 अंक बनाकर बधिर विश्व और ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। जर्मनी के कोलिन म्यूएलर ने 245.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। भारतीय निशानेबाजों ने 25वें बधिर ओलंपिक में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। भारतीय निशानेबाज अभी तक इस प्रतियोगिता में कुल 11 पदक जीत चुके हैं।



दैनिक भास्कर, भोपाल, गुरुवार 20 नवंबर, 2025

# 50 मीटर राइफल प्रोन में कुशाग्र को कांस्य पदक

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल



मप्र राज्य शूटिंग अकादमी के शूटर कुशाग्र सिंह राजावत ने टोक्यो में चल रही 25वीं समर डेफ्लंपिक में शूटिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। यह मेडल उन्होंने 50 मीटर राइफल प्रोन (पुरुष वर्ग) में जीता है। कुशाग्र ने शुरुआत से ही स्थिरता, धैर्य और सटीक तकनीक का ऐसा मेल दिखाया कि कड़ी प्रतियोगिता के बावजूद वे पदक तालिका में जगह बनाने में सफल रहे। कुशाग्र में अकादमी में मिल अनुभवी कोचों से इस खेल की ट्रेनिंग ले रहे हैं।

नवदुनिया
भोपाल, गुरुवार, 20 नवंबर, 2025

# शूटिंग में जेकब ने स्वर्ण, विदुषी ने कांस्य जीता

**खेल प्रतियोगिता** ● इंडियन ओपन राइफल और पिस्टल कांपीटिशन निशानेबाजों का जोरदार प्रदर्शन

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: इंडियन ओपन कांपीटिशन राइफल व पिस्टल कांपीटिशन में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के दो निशानेबाजों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इमेनुअल जेकब ने स्वर्ण तथा विदुषी श्रृंगीऋषि ने कांस्य पदक जीता। मप्र खेल एवं युवा कल्याण विभाग और भारतीय राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में यह चैंपियनशिप मप्र राज्य अकादमी में खेली जा रही है।

बुधवार को जूनियर पुरुष के 50 मीटर फ्री पिस्टल में मप्र के इमेनुअल जेकब ने 266 अंकों के साथ स्वर्ण, मप्र के प्रकाश कुमार ने 264 अंक ने रजत तथा हरियाणा के हरीश ने 260 अंक हासिल कर कांस्य पदक जीता है। इसी तरह यूथ महिला वर्ग के 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में मप्र की विदुषी श्रृंगीऋषि ने 275 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

महाराष्ट्र के शौर्य दिलीप ने 286 अंक के साथ स्वर्ण तथा राजस्थान की जयश्री सिंह कृण्णिया ने 282 अंक अर्जित कर रजत पदक जीता। मध्यप्रदेश अकादमी के खिलाड़ी मप्र राज्य अकादमी के प्रशिक्षक जयवर्धन सिंह चौहान, पीएन प्रकाश, महावीर सिंह व यशिका डेनियल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश के खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग, खेल संचालक राकेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।



विदुषी । ● सौजन्य : आयोजक



इमेनुअल जेकब । ● सौजन्य : आयोजक

## मध्यप्रदेश के कुशाग्र ने समर डेफलंपिक्स में जीता कांस्य पदक

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: टोक्यो में आयोजित 25वीं समर डेफलंपिक्स में मप्र राज्य शूटिंग अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी कुशाग्र सिंह राजावत ने 50 मीटर राइफल प्रोन (पुरुष वर्ग) स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कुशाग्र सिंह राजावत को इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। खेल संचालक राकेश कुमार गुप्ता और संयुक्त संचालक बीएस यादव ने भी कुशाग्र की जमकर प्रशंसा की है।



कुशाग्र सिंह रजावत । ● सौजन्य : आयोजक